# Responsible Mining Index 2018

एनएमडीसी लिमिटेड (NMDC)

Hindi

# Company report

## एनएमडीसी लिमिटेड

NSE: **NMDC** BSE: **526371** CSE: **024131**

मुख्यालय:
**भारत**

क्षेत्र:
**लौह अयस्क**

सरकारी स्वामित्व वाली:
**अधिकांश सरकारी स्वामित्व (भारत)**


कर-पूर्व राजस्व (बिलियन अमेरिकी डालर में):
**1** (31/03/2016)

कर्मचारियों की संख्या:
**5,773** (31/03/2016)

कामगारों की संख्या (कर्मचारी + अनुबंध कर्मचारी):
**15,158** (31/03/2016)

कंपनी द्वारा सूचित की गई खनन कामगारों की मौतें:
**2015 | कामगार: सूचित नहीं किया गया**

**2016 | कामगार: सूचित नहीं किया गया**



गृह देश, जहाँ कंपनी का मुख्यालय है

उत्पादक देश, जहाँ कंपनी द्वारा खनन कार्य किया जाता हैं

खान-कार्यस्थल-स्तरीय निर्धारण के लिए चुनी गई खनन साइटें

एनएमडीसी लिमिटेड का सबसे मजबूत कार्यनिष्पादन क्षेत्र पर्यावरणीय उत्तरदायित्व है| कंपनी ने अपने पर्यावरणीय प्रभावों को व्यवस्थित रूप से प्रबंधित करने के लिए औपचारिक प्रतिबद्धता व्यक्त की है और इस प्रतिबद्धता को लागू करने के लिए सौंपें गए उत्तरदायित्वों और संसाधनों का साक्ष्य दर्शाती है| NMDC अपने कुछ प्रचालनों के संबंध में सार्वजनिक रूप से कार्य स्थल स्तर पर वायु गुणवत्ता संबंधी आकड़ों का खुलासा करती है|.

एनएमडीसी लिमिटेड के कुछ मजबूत परिणामों में आर्थिक विकास और व्यावसायिक आचरण भी हैं| आर्थिक विकास में, कंपनी ने हाशिए वाले हितधारक समूहों समेत अपने खान कार्यस्थलों के आस-पास की स्थानीय आबादी के राष्ट्रीय कौशल आधार और रोजगार की क्षमता को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम चलाए हैं| व्यावसायिक आचरण में, कंपनी ने व्यावसायिक आचारनीति के लिए एक एकीकृत, परस्पर-विभागीय दृष्टिकोण के लिए एक औपचारिक प्रतिबद्धता व्यक्त की है, और इस प्रतिबद्धता को लागू करने के लिए सौंपें गए उत्तरदायित्वों का कुछ साक्ष्य दर्शाती है|.

हालांकि कुल मिलाकर, सामुदायिक कल्याण के संबंध में साक्ष्य की कमी के कारण एनएमडीसी लिमिटेड के परिणाम सीमित हैं| उदाहरण के लिए, कंपनी द्वारा मानवाधिकार के प्रति उचित सावधानी बरतने अथवा मानव अधिकार मुद्दों के इसके प्रबंधन के संबंध में इसके कार्यनिष्पादन पर रिपोर्टिंग संबंधी कोई साक्ष्य नहीं पाया गया है|.

आर्थिक विकास

0.148 / 1.000

व्यावसायिक आचरण

0.171 / 1.000

जीवनचक्र प्रबंधन

0.014 / 1.000

सामुदायिक कल्याण

0.050 / 1.000

कार्य स्थितियाँ

0.151 / 1.000


पर्यावरणीय जिम्मेदारी

0.215 / 1.000

*1.000 का अधिकतम मूल्य सभी कंपनियों के परिणामों को ध्यान में रखते हुए किसी दिए गए विषयगत क्षेत्र में सभी संकेतकों के लिए प्राप्त सर्वोत्तम स्कोर के एकत्रीकरण का प्रतिनिधित्व करता है। चूंकि कुल मिलाकर सर्वश्रेष्ठ स्कोर एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न होता है, इसलिए इन चार्टों का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में कंपनी के प्रदर्शन की तुलना करने के लिए नहीं किया जा सकता है।*

*कंपनी के सभी परिणाम सार्वजनिक डोमेन डेटा पर आधारित हैं, जिन्हें RMI विश्लेषकों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है या कंपनियों द्वारा उपलब्ध किया जाता है। कुछ कंपनियों के मामले में, बहुत कम जानकारी उपलब्ध थी। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कम स्कोर केवल कंपनी के सार्वजनिक रूप से उपलब्ध दस्तावेज़ में प्रासंगिक सूचना की कमी को दर्शा सकता है।*

# सापेक्ष कंपनी कार्यनिष्पादन




प्रतिबद्धता (11 संकेतक)    कार्रवाई (41 संकेतक)    प्रभावशीलता (21 संकेतक)


*1.00 = इस माप क्षेत्र के सभी संकेतकों के लिए सर्वोत्तम स्कोरों का एकत्रीकरण*

# संकेतक परिणाम सारांश

## आर्थिक विकास


### A.01 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास नियोजन

**A.01.1** कंपनी सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ाने के उद्देश्य से उत्पादक देशों में खनन से संबंधित निवेश और व्यावसायिक निर्णय लेने में राष्ट्रीय और व्यापक क्षेत्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास योजनाओं को शुरू करने के प्रति प्रतिबद्ध है।.





### A.02 प्रापण

**A.02.1** कंपनी के पास राष्ट्रीय और व्यापक क्षेत्रीय स्तर पर आपूर्तिकर्ताओं के लिए प्रापण अवसर विकसित करने की प्रणाली है।.





**A.02.2** कंपनी राष्ट्रीय और व्यापक क्षेत्रीय प्रापण पर अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्रवाई करती है और राष्ट्रीय और व्यापक क्षेत्रीय स्तरों पर प्रापण अवसर विकसित करने में लगातार सुधार प्रदर्शित करती है।.




## A.03 क्षमता निर्माण

**A.03.1** कंपनी के पास अनुसंधान और विकास के माध्यम से देश भर में क्षमता निर्माण का समर्थन करने के लिए प्रणाली मौजूद है, जिसका उद्देश्य उत्पादक देशों के भीतर खनन से संबंधित सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर विचार करना है।




## A.04 राष्ट्रीय कौशल आधार को बढ़ाना


**A.04.1** उत्पादक देशों में विशेष रूप से तकनीकी, और मध्य और ऊपरी प्रबंधन स्तर पर, इसके प्रचालन समर्थन कौशल विकास और कौशल हस्तांतरण को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के पास प्रणाली है।




## व्यावसायिक आचरण

### B.01 कारोबारी सदाचार

B.01.1 कंपनी कारोबारी सदाचार के लिए एक एकीकृत परस्पर-विभागीय दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है।





B.01.2 अनैतिक व्यवहार संबंधी चिंताओं की रिपोर्ट करने के लिए कंपनी के पास अपने प्रचालनों के लिए प्रभावी सचेतक तंत्र हैं।





### B.02 प्रबंधन बोर्ड स्तर और वरिष्ठ प्रबंधन जवाबदेही

B.02.1 कंपनी के पास आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक, प्रशासन और मानवाधिकार मुद्दों के संबंध में वैयक्तिक बोर्ड निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधकों को जिम्मेदार व्यवसाय के लिए जवाबदेह ठहराने की प्रणाली है।




B.02.2 कंपनी अपने प्रबंधन बोर्ड और अपने वरिष्ठ प्रबंधन में व्यक्तियों और दृष्टिकोणों की विविधता और समावेशिता को सक्रिय रूप से समर्थन देती है।





## B.03 अनुबंध प्रकटीकरण

B.03.1 कंपनी सार्वजनिक रूप से उन सभी अनुबंधों, लाइसेंसों और समझौतों का खुलासा करती है जो खनिज संसाधनों और संबंधित परियोजनाओं के खनन के लिए इसे पहुंच प्रदान करते हैं, और जहाँ आवश्यक हो, वहाँ समान अवसर आधार पर अनुबंध पारदर्शिता का समर्थन करने के लिए सरकारों से आग्रह करने के लिए इसके लाभ का उपयोग करती है।





## B.04 कर पारदर्शिता

B.04.1 कंपनी अपने सभी कर अधिकार क्षेत्र में कर पारदर्शिता लागू करती है।





## B.05 लाभकारी स्वामित्व

B.05.1 कंपनी अपने प्रत्येक पूर्ण अथवा आंशिक स्वामित्व वाले ऐसे निकाय के लाभकारी स्वामित्व का सार्वजनिक रूप से खुलासा करती है जो खनिज संसाधनों को निकालने के लिए बोली लगाता है, प्रचालन करता है या निवेश करता है।





## B.06 उत्पादक देशों को भुगतान

B.06.1 कंपनी सार्वजनिक रूप से उप-राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सरकारों को किए गए सभी भुगतानों का खुलासा करती है और इसमें परियोजना-स्तर आधार पर अलग-अलग डेटा उपलब्ध कराती है।





## B.07 पक्ष समर्थन पद्धतियाँ और नीति संलग्नता

B.07.1 कंपनी सार्वजनिक रूप से अपनी पक्ष समर्थन पद्धतियों और स्थितियों का खुलासा करती है।





B.07.2 कंपनी अपने प्रबंधन, वितरण और व्यय सहित खनिज राजस्व की पारदर्शिता में सुधार करने के लिए बहु-हितधारक मंचों में रचनात्मक रूप से जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।




## B.08 रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार

B.08.1 Tकंपनी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूपों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।





B.08.2 कंपनी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती रहती है और परिणामों पर कार्य करती है और रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूपों को रोकने में निरंतर सुधार दर्शाती है।




## B.09 उत्तरदायी अनुबंध और सोर्सिंग


B.09.1 कंपनी के पास कोई भी पर्यावरणीय, सामाजिक, प्रशासन और मानवाधिकार जोखिमों की पहचान और निर्धारण करने के लिए ठेकेदारों, उप-ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं की पद्धतियों के संबंध में नियमित रूप से उचित सावधानी बरतने के लिए प्रणाली हैं।




## जीवनचक्र प्रबंधन

### C.01 खान जीवनचक्र प्रबंधन

C.01.1 कंपनी परियोजना के विकास और इसके प्रचालन चरणों के दौरान एक जीवन चक्र दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।





C.01.2 कंपनी अपने प्रचालनों में सभी प्रमुख परिवर्तनों (जैसे निर्माण से चलकर प्रचालन चरण या कमी करने पर जाना) के कामगारों पर सामाजिक-आर्थिक प्रभावों के प्रबंधन पर अपने कार्यनिष्पादन की खोज-खबर रखती है और परिणामों पर कार्य करती है और कामगारों के लिए तत्काल पारगमन सुनिश्चित करने में निरंतर सुधार दर्शाती है।





### C.02 परियोजना अनुमोदन प्रक्रिया

C.02.1 निवेश समिति स्तर पर स्टेज-गेटिंग प्रक्रिया में पर्यावरणीय, सामाजिक, प्रशासन और मानवाधिकार कारकों को एकीकृत करने के लिए कंपनी के पास प्रणाली है।





### C.03 समुदायों और कामगारों के लिए समापन-पश्चात व्यवहार्यता


C.03.1 उचित भूमि पुनर्वास और पोस्ट-खनन भूमि उपयोग के अवसरों के लिए योजना बनाने के लिए कंपनी के पास प्रणाली हैं।





C.03.2 कंपनी प्रभावित समुदायों के लिए समापन-पश्चात पारगमन का प्रबंधन करने के लिए प्रचालनों को निर्मित करती है और इनकी योजनाएं बनाती है, ताकि उनकी आजीविका की निरंतर व्यवहार्यता सुनिश्चित की जा सके।




C.03.3 कंपनी प्रभावित समुदायों के लिए समापन-पश्चात पारगमन का प्रबंधन करने के लिए प्रचालनों को निर्मित करती है और इनकी योजनाएं बनाती है है, ताकि खान और श्रमिकों को भेजे जाने वाले क्षेत्रों के आस-पास उनकी आजीविका की निरंतर व्यवहार्यता सुनिश्चित की जा सके ।





C.03.4 कंपनी खान बंद होने और समापन-पश्चात देयताओं के लिए वित्तीय गारंटी उपलब्ध कराती है और अपने प्रचालनों में वित्तीय जमानत व्यवस्था का सार्वजनिक रूप से खुलासा करती है।




C.04 विलय, अधिग्रहण और निपटान उचित सावधानी


**C.04.1** कंपनी के पास पिछले, वर्तमान और भविष्य के विकास से संबंधित संभावित आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक, प्रशासन और मानवाधिकार जोखिमों की पहचान और निर्धारण करने के लिए विलय, अधिग्रहण और निपटान संबंधी उचित सावधानी की प्रणाली हैं।




सामुदायिक कल्याण

## D.01 मानवाधिकार


**D.01.1** कंपनी कार्यकर्ता और समुदाय के कल्याण में योगदान देने के उद्देश्य से, व्यवसाय और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र दिशानिर्देश सिद्धांतों के अनुरूप मानव अधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है।





**D.01.2** Tकंपनी के पास मानव अधिकारों के संबंध में अपनी गतिविधियों के किसी भी प्रमुख प्रभाव की पहचान और मूल्यांकन करने तथा कार्यनीतियों और योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए व्यवसाय और मानवाधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र दिशानिर्देश सिद्धांतों के अनुरूप प्रणाली है जिससे पहचाने गए प्रभावों को रोकने, कम करने पर ध्यान दिया जा सके जो कामगार और सामुदायिक कल्याण में योगदान करता है।




**D.01.3** कंपनी व्यवसाय और मानवाधिकार संबंधी संयुक्त राष्ट्र दिशानिर्देश सिद्धांतों के अनुरूप अपने मानवाधिकार प्रबंधन और कार्यनिष्पादन के संबंध में सार्वजनिक रूप से रिपोर्ट प्रकाशित करती है।





**D.01.4** कंपनी प्रचालनों के अपने क्षेत्रों में मानवाधिकार रक्षकों को दिए गए अधिकारों और सुरक्षा का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## D.02 समुदाय और हितधारक संलग्नता

D.02.1 कंपनी के पास अपने प्रचालन का समर्थन करने और महिलाओं और युवाओं सहित प्रभावित समुदायों के चल रहे और समावेशी जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है, जिसमें समुदाय के सदस्यों के लिए विचार-विमर्श और ऐसे मामलों पर निर्णय लेने संबंधी तंत्र शामिल हैं जो उन्हें प्रभावित कर सकते हैं।





D.02.2 कंपनी प्रभावित समुदायों के साथ अपने संबंधों की गुणवत्ता की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और विश्वास, पारस्परिक सम्मान और समझ के आधार पर संबंध स्थापित करने और बनाए रखने में निरंतर सुधार दर्शाती है।





## D.03 आर्थिक और सामाजिक व्यवहार्यता


D.03.1 कंपनी के पास महिलाओं और युवाओं सहित प्रभावित समुदायों की समावेशी भागीदारी के माध्यम से अपना प्रचालन करने और अपने सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का नियमित निर्धारण तथा प्रकटीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली मौजूद हैं।





D.03.2 कंपनी के पास स्थानीय उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने, स्थानीय व्यवसाय विकास का समर्थन करने और महिलाओं और युवाओं के लिए सहित स्थानीय प्रापण अवसरों को विकसित करना सुनिश्चित करने हेतु प्रणाली है।



D.03.3 कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है कि इसके प्रचालन बच्चों पर इसकी गतिविधियों के प्रभावों के नियमित निर्धारण का संचालन और खुलासा करें जिनमें ऐसे व्यक्ति भी सम्मिलित हैं जिनकी औपचारिक संरचनाओं के माध्यम से अच्छी तरह से प्रतिनिधित्व किए जाने की संभावना नहीं है।





D.03.4 कंपनी सामाजिक-आर्थिक प्रभावों के प्रबंधन संबंधी अपने कार्यनिष्पादन की जांच करती है और परिणामों पर कार्य करती है, तथा वह जहाँ प्रचालन करती है, वहाँ समुदायों में सामाजिक और आर्थिक व्यवहार्यता में योगदान में निरंतर सुधार दर्शाती है।





## D.04 समुदाय स्वास्थ्य और सुरक्षा

D.04.1 कंपनी के पास अपना प्रचालन करने और सामुदायिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा पर उनके प्रभावों के नियमित आकलन का प्रकटीकरण सुनिश्चित करने और इन प्रभावों पर ध्यान देने के लिए प्रबंधन योजनाओं को लागू करने की प्रणाली है।





## D.05 लिंग समानता

D.05.1 कंपनी महिलाओं पर अपनी गतिविधियों के किसी भी प्रभाव को प्रबंधित करने के संबंध में अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है, और परिणामों पर कार्य करती है और महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान देते हुए इन प्रभावों से बचने, कम करने और दूर करने में निरंतर सुधार दर्शाती है।




## D.06 स्थानीय लोग

**D.06.1** जहाँ लागू हो, वहाँ कंपनी के पास समावेशी भागीदारी के माध्यम से मौजूदा और नियोजित खानों और संबंधित सुविधाओं से संभावित रूप से प्रभावित होने वाले सभी स्थानीय लोगों के समूहों के अधिकार, रुचियों, आवश्यकताओं और परिप्रेक्ष्य की पहचान करने, और पहचाने गए अधिकारों, हितों, जरूरतों और परिप्रेक्ष्य के संबंध में कार्यनीतियों की रूपरेखा तैयार करने और योजनाओं को लागू करना सुनिश्चित करने की प्रणाली है ।





**D.06.2** जहाँ लागू हो, वहाँ कंपनी मौजूदा और नियोजित खानों और संबंधित सुविधाओं से संभावित रूप से प्रभावित होने वाले सभी स्थानीय लोगों के समूहों के अधिकारों, हितों, आकांक्षाओं, संस्कृति और प्राकृतिक संसाधन-आधारित आजीविका के संबंध में अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और प्रतिकूल प्रभाव से बचने में निरंतर सुधार प्रदर्शित करती है और इन समूहों के लिए सतत लाभ और अवसर सुनिश्चित करती है।





## D.07 नि:शुल्क, पूर्व और सूचित सहमति

**D.07.1** कंपनी नि:शुल्क, पूर्व और सूचित सहमति (FPIC) के संबंध में स्वदेशी लोगों के अधिकार का सम्मान करने और अन्य परियोजना-प्रभावित समूहों को FPIC के सिद्धांत के विस्तार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।





## D.08 भूमि उपयोग और पुनर्वास


**D.08.1** कंपनी के पास इसके प्रचालनों द्वारा साझा भूमि उपयोग के संभावित अवसरों की पहचान और मूल्यांकन करने और किसी भी प्रतिकूल प्रभाव से बचने, न्यूनतम करने और कम करते हुए इन अवसरों को अनुकूलित करने हेतु कार्यनीतियों और योजनाओं की रूपरेखा तैयार करना तथा कार्यान्वित करना सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है।




**D.08.2** कंपनी के पास परियोजना प्रभावित लोगों के वास्तविक और/या आर्थिक विस्थापन के संभावित प्रभावों की पहचान और आकलन करने के लिए, और महिलाओं और युवाओं सहित समावेशी भागीदारी के माध्यम से पहचाने गए प्रभावों से बचने, न्यूनतम करने और कम करने के लिए कार्यनीतियों और योजनाओं की रूपरेखा तैयार करना और कार्यान्वित करना सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है।





**D.08.3** कंपनी पुनर्वास के संबंध में अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और यह सुनिश्चित करते हुए निरंतर सुधार दर्शाती है कि आजीविका, आजीविका सुरक्षा और जीवन स्तर बेहतर बनाया गया है अथवा बहाल किया गया है।





## D.09 कुटीर और लघु-स्तरीय खनन

**D.09.1** जहाँ लागू हो, वहाँ कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है कि इसके प्रचालन अपने प्रचालनों के आसपास कुटीर और लघु-स्तरीय खनन (ASM) समुदायों और गतिविधियों के साथ निरंतर और सक्रिय कार्य की सुविधा प्रदान करते हैं।




D.09.2 जहाँ लागू हो, वहाँ कंपनी के पास कुटीर और लघु-स्तरीय (ASM) खनिकों के लिए तकनीकी सहायता कार्यक्रम और/या वैकल्पिक आजीविका कार्यक्रमों का समर्थन करना सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली स्थापित हैं।





D.10 सुरक्षा और संघर्ष-प्रभावित क्षेत्र

D.10.1 कंपनी अपने सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित संभावित मानवाधिकारों के हनन पर ध्यान देने के लिए अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और सुरक्षा और मानवाधिकारों संबंधी स्वैच्छिक सिद्धांतों के अनुरूप इन जोखिमों को रोकने और कम करने में निरंतर सुधार दर्शाती है।





D.10.2 कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है कि इसके प्रचालन किसी भी संघर्ष-प्रभावित और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति से कामगारों और समुदायों के साथ जुड़े जोखिमों की पहचान और आकलन करने और पहचाने गए जोखिम को दूर करने के लिए और कार्यनीतियों की रूपरेखा बनाने और इन्हें कार्यान्वित करने हेतु नियमित रूप से उचित सावधानी बरतें।




D.11 शिकायत और निदान

D.11.1 कंपनी समुदायों के लिए अपने शिकायत तंत्र के कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य और उपयुक्त उपाय के माध्यम से दावेदारों की चिंताओं पर प्रभावी ढंग से ध्यान देने में निरंतर सुधार दर्शाती है।




## कार्य स्थितियाँ

### E.01 निर्वाह मजदूरी

---


**E.01.1** कंपनी मजदूरी के संबंध में अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और सत्यापित निर्वाह मजदूरी मानकों या कानूनी न्यूनतम मजदूरी, जो भी उच्चतम हो, का पालन करने या इससे भी बेहतर करने में निरंतर सुधार दर्शाती है।





### E.02 व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा

---


**E.02.1** कंपनी सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद कार्य परिस्थितियों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।




**E.02.2** कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है कि इसके प्रचालन महिला कामगारों की विशिष्ट स्वास्थ्य और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करें।




E.02.3 कंपनी व्यावसायिक स्थिति और सुरक्षा के संबंध में अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और सभी कामगारों के लिए कार्य करने का सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने में निरंतर सुधार दर्शाती है।





E.03 संगठन बनाने, सामूहिक सौदेबाजी और संघ की स्वतंत्रता के अधिकार

E.03.1 कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियाँ हैं कि इसके प्रचालन कामगारों के संगठित होने, सामूहिक सौदेबाजी करने और संघ की स्वतंत्रता के अधिकारों का सक्रिय रूप से सम्मान करें।





E.04 कामगार साधन

E.04.1 कंपनी कामगारों के लिए अपने शिकायत तंत्र के कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और उपयुक्त उपाय के माध्यम से दावेदारों की चिंताओं पर प्रभावी ढंग से ध्यान देने में निरंतर सुधार दर्शाती है।




E.05 गैर-भेदभाव और समान अवसर


E.05.1 कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियाँ हैं कि इसके प्रचालन कार्यस्थल पर भेदभाव के सभी रूपों को सक्रिय रूप से रोकते हुए और कार्यबल विविधता को बढ़ावा देते हुए समान अवसर के सिद्धांत पर अपने रोजगार संबंधों को आधार बनाएं।




E.06 बंधुआ मजदूरी और बाल मजदूरी का उन्मूलन

---


E.06.1 कंपनी के पास अपने प्रचालन और पूरे आपूर्ति शृंखला क्षेत्रों में बलात, अनिवार्य, तस्करी किए गए और बाल श्रम के सभी रूपों के संभावित जोखिमों की पहचान और आकलन करने तथा पहचाने गए जोखिम पर ध्यान देने के लिए कार्यनीतियों की रूपरेखा तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए नियमित रूप से उचित सावधानी बरतने हेतु प्रणाली हैं।




## पर्यावरणीय जिम्मेदारी

### F.01 पर्यावरणीय प्रबंधन


F.01.1 कंपनी उपशमन पदानुक्रम दृष्टिकोण के माध्यम से व्यवस्थित रूप से अपने पर्यावरणीय प्रभावों का प्रबंधन करने के लिए प्रतिबद्ध है।




F.01.2 कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियाँ हैं कि इसके प्रचालन एक एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से और उन्हें प्रकट करने के लिए अपने पर्यावरणीय प्रभावों का नियमित निर्धारण करें।





F.01.3 कंपनी अपने पर्यावरणीय प्रभावों के प्रबंधन के संबंध में अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और इन प्रभावों से बचने, कम करने, इनका शमन करने और इन्हें प्रतिसंतुलित करने में निरंतर सुधार प्रदर्शित कर रही है।




### F.02 अवशेष प्रबंधन


**F.02.1** जहां लागू हो, कंपनी अपनी अवशेष सुविधाओं से संबंधित संभावित जोखिमों को संबोधित करने पर अपने प्रदर्शन की जाँच करती है, जिसमें रिसाव और अवशेष बांध विफलता शामिल है, और परिणामों पर कार्य करता है, इन जोखिमों से बचने, कम करने में निरंतर सुधार का प्रदर्शन करता है।




F.03 वायु

---


**F.03.1** कंपनी अपने पूरे प्रचालन के दौरान, खान-कार्यस्थल-स्तरीय वायु गुणवत्ता निगरानी आंकड़ों का सार्वजनिक रूप से खुलासा करती है।





F.04 जल

---

**F.04.1** कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है कि इसके प्रचालन अपने प्रचालन वाले आवाह क्षेत्र या घाटी में जल की गुणवत्ता और मात्रा पर उनके प्रभावों की पहचान और निर्धारण करें और पर्यावरण, समुदायों, किसानों, और अन्य जल-निर्भर उद्योगों सहित प्रभावित क्षेत्र की जल आवश्यकता तथा अधिकारों का सम्मान करने के लिए जल प्रबंधन कार्यनीतियों और योजनाओं की रूपरेखा तैयार करें और इन्हें कार्यान्वित करें।





**F.04.2** कंपनी गुणवत्ता और मात्रा - दोनों के लिए जल प्रबंधन पर अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है, और परिणामों पर कार्य करती है और इसके प्रचालन क्षेत्र के आवाहों और घाटी में अन्य हितधारकों के लिए बेहतर जल सुरक्षा हेतु जल खपत और इसके प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में निरंतर सुधार दर्शाती है।




## F.05 ध्वनि और कंपन

F.05.1 कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणालियाँ हैं कि इसके प्रचालन प्रभावित समुदायों, संरचनाओं, परिसंपत्तियों और वन्यजीवन पर ध्वनि र और कंपन के प्रभाव को सीमित करें।





## F.06 जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं

F.06.1 कंपनी विश्व धरोहर स्थलों में अन्वेषण या खनन नहीं करने और सांस्कृतिक या प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए नामित अन्य स्थलीय और समुद्री संरक्षित क्षेत्रों का सम्मान करने के प्रति प्रतिबद्ध है।





F.06.2 कंपनी जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के प्रबंधन पर अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और इसके प्रभावों से बचने, कम करने, इनका शमन करने और इन्हें प्रतिसंतुलित करने में लगातार प्रदर्शित करती है।





## F.07 जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा दक्षता


F.07.1 कंपनी के पास इसके प्रचालनों पर जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभावों और समुदायों, कामगारों और पर्यावरण पर इसके प्रभावों, और उपयुक्त अनुकूलन कार्यनीतियों की रूपरेखा तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए संभावित प्रभावों की पहचान और निर्धारण करने हेतु प्रणाली है।




F.07.2 Tकंपनी अपनी गतिविधियों से उत्पन्न ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन के प्रबंधन पर अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और उन्हें कम करने में निरंतर सुधार प्रदर्शित करती है।





F.07.3 कंपनी अपने समस्त प्रचालनों में ऊर्जा खपत के प्रबंधन पर अपने कार्यनिष्पादन की जाँच करती है और परिणामों पर कार्य करती है और ऊर्जा दक्षता में निरंतर सुधार प्रदर्शित करती है।





## F.08 खतरनाक सामग्री प्रबंधन

F.08.1 कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है कि इसके प्रचालन खतरनाक सामग्रियों के परिवहन, हैंडलिंग, भंडारण, उत्सर्जन और निपटान से संबंधित संभावित जोखिमों की पहचान और निर्धारण करें और पहचाने गए जोखिमों पर ध्यान देने के लिए कार्यनीतियों और योजनाओं की रूपरखा तैयार करें कार्यान्वित करें





## F.09 आपातकालीन तैयारी

**F.09.1** कंपनी के पास यह सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली है कि इसके प्रचालन आपातकालीन तैयारी और जवाबी योजनाओं के विकास, संचार और परीक्षण में स्थानीय प्राधिकरणों, कामगारों और समुदायों को संलग्न करें।




**F.09.2** कंपनी ऐसे वित्तीय आश्वासन के बारे में सारी प्रासंगिक सूचना सार्वजनिक रूप से प्रकट करती है जिसे इसके पूरे प्रचालन के दौरान आपदा प्रबंधन और बहाली के लिए उपलब्ध कराया जाता है।




# चयनित खान साइट परिणाम

## खान साइटों का व्यक्तिगत रूप से निर्धारण किया गया लेकिन कंपनी के सकल अंक में शामिल नहीं किया गया

| खान साइट का नाम | स्थानीय प्रापण (स्कोर/6.00) | स्थानीय रोजगार (स्कोर/6.00) | सामुदायिक शिकायत तंत्र (स्कोर/6.00) | श्रमिक शिकायत तंत्र (स्कोर/6.00) | जल गुणवत्ता और मात्रा (स्कोर/6.00) | Biodiversity management (स्कोर/6.00) | Mine site (score /6.00) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Bailadila - Dep 10, 11 & 5 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0.50 |
| Bailadila - Dep 14 & 14 NMZ | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0.50 |
| Donimalai | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0.67 |
| Kumaraswamy | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0.33 |
| Panna | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.17 |

# सभी खान साइटों की सूची

| खान साइट का नाम | उपनाम | देश | कंपनी का हिस्सा (%) | उत्पाद | खनन प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| Bailadila - Dep 10, 11 & 5 | | भारत | 100 | लौह अयस्क | Open-pit |
| Bailadila - Dep 13 | | भारत | 100 | लौह अयस्क | Open-pit |
| Bailadila - Dep 14 & 14 NMZ | | भारत | 100 | लौह अयस्क | Open-pit |
| Donimalai | | भारत | 100 | लौह अयस्क | Open-pit |
| Kumaraswamy | | भारत | 100 | लौह अयस्क | Open-pit |
| Panna | | भारत | 100 | हीरा कैरेट | Open-pit |

# मुख्य शेयरधारक

| As of: 09/02/2018 | Shares (%) |
|---|---|
| Government of India | 72.43 |
| Life Insurance Corporation of India | 12.32 |
| LIC Mutual Fund Asset Management Company Ltd. | 2.02 |
| The Vanguard Group, Inc. | 0.82 |
| Grantham Mayo Van Otterloo & Co LLC | 0.22 |
| T. Rowe Price Associates, Inc. | 0.18 |
| SBI Funds Management Pvt. Ltd. | 0.16 |
| PGGM Vermogensbeheer B.V. | 0.14 |
| Robeco Institutional Asset Management B.V. | 0.14 |

| As of: 09/02/2018 | Shares (%) |
|---|---|
| Kotak Mahindra Asset Management Company Ltd. | 0.12 |
| Mellon Capital Management Corporation | 0.1 |
| L&T Investment Management Limited | 0.09 |
| HDFC Asset Management Co., Ltd. | 0.08 |
| IDFC Asset Management Company Private Limited | 0.07 |
| Eastspring Investments (Singapore) Limited | 0.06 |

# ज्ञात कर क्षेत्राधिकार

ऑस्ट्रेलिया भारत

## निवेशक/राज्य निवेश विवादों में हालिया भागीदारी (2014 से)

**कोई मामला नहीं**

*Disclaimer*

*The findings, conclusions and interpretations within this 2018 Responsible Mining Index (RMI) report do not necessarily represent the views of funders, trustees, and employees of the Responsible Mining Foundation, and others who participated in consultations and as advisors to the report.*

*This report is intended to be for information purposes only and is not intended as promotional material in any respect. The report is not intended to provide accounting, legal, tax or investment advice or recommendations, neither is it intended as an offer or solicitation for the purchase or sale of any financial instrument. In order to fully understand the methodology of the 2018 Responsible Mining Index, the respective sections on the website should be consulted.*

*The RMI seeks evidence of companies' policies and practices on economic, environmental, social and governance (EESG) issues, but does not seek to measure the actual outcomes achieved on EESG issues. Results are based only on evidence sourced from the public domain or provided by companies as open data. Whilst this information is believed to be reliable, no guarantee can be given that it is accurate or complete, nor does it preclude the possibility that policies and practices may exist, but which the RMI has not been able to consider for purposes of assessment. In this respect, the results of the low-scoring companies do not necessarily reflect a lack of relevant policies and practices; as they may be due to a lack of public reporting by the companies, limitations in accessing information, and/or any difficulties in accessing the RMI company portal.*

*It should be noted that, prior to publication, all companies in the Index were invited to check the factual accuracy of the contextual data and evidence upon which the Index is based and to review company information in the RMI document library.*

*Although every effort has been made to verify the accuracy of translations, the English language version should be taken as the definitive version. The RMI reserves the right to publish corrigenda on its web page, and readers of the 2018 RMI report should consult the web page for corrections or clarifications https://www.responsibleminingindex.org.*

Responsible Mining Foundation

www.responsibleminingindex.org